# छह मंजिला बनेगा आइटी पार्क

## 11.47 एकड़ जमीन पर होगा निर्माण ब्लू प्रिंट पहले से तैयार

जासं • लखनऊ : अमौसी स्थित नादरगंज इंडस्ट्रियल एरिया में चालीस एकड़ जमीन पर सरकार एआइ सिटी बनाने जा रही है उसका ब्लू प्रिंट पहले से तैयार है। अब जबकि सरकार ने बजट में धनराशि भी प्रस्तावित कर दी है तो जल्द धरातल पर भी कार्य नजर आने लगेगा।

एआइ हब के प्रस्तावित ब्लू प्रिंट के अनुसार निर्धारित भूमि पर 11.47 एकड़ पर आइटी पार्क बनेगा। 7.4 एकड़ में बिजनेस पार्क विकसित होगा। इसके अलावा इंटरनेशनल इनक्यूबेशन फैसिलिटी सेंटर 6.9 एकड़ में बनाया जाएगा। 8.7 एकड़ ग्रीन एरिया विकसित होगा और 5.8 एकड़ में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा, ताकि आइटी हब में निर्मित भवनों के बीच कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सके। आइटी पार्क,



बिजनेस पार्क और इंटरनेशनल इनक्यूबेशन फैसिलिटी सेंटर को बेसमेंट और ग्राउंड समेत छह मंजिला इमारत में निर्मित किया जाएगा। इन तीनों भवनों की अपनी-अपनी पार्किंग की सुविधा भी होगी। इनकी बेसमेंट पार्किंग में हाइड्रोलिक पार्किंग सिस्टम का उपयोग किया जाएगा।

आइटी हब में बड़ी आइटी, फाइनेंशियल और टेक कंपनियों को बतौर स्ट्रैटजिक पार्टनर के रूप में जोड़ा जाएगा, जबकि आइटी से जुड़ी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

पांच एकड़ में स्थापित की जाएंगी आइटी हब की छह महत्वपूर्ण विंग्स: आइटी हब के प्रस्ताव के अनुसार इसको देश के बड़े इनक्यूबेटर के तौर पर स्थापित किया जाएगा। इसमें ऐसी तमाम खूबियां होंगी, जो लोगों को आकर्षित करेंगी। इसके तहत आइटी हब में छह महत्वपूर्ण विंग स्थापित किए जाएंगे। इनमें विमेन इंटरप्रेन्योर्स हब, स्किल एंड नालेज एकेडमी, प्रोटोटाइपिंग सेंटर, रिसर्च एंड इनोवेशन सर्किल, इमर्जिंग टेक विंग और यू हब इनोवेशन हब का निर्माण किया जाएगा। इन सारे विंग्स को पांच एकड़ भूमि पर विकसित किए जाने की योजना है।